**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 17.03.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक–2026 को ध्वनिमत से दी मंजूरी, सदन में जेटेट और पेयजल परियोजनाओं का गुंजा मुद्दा।**
2. **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा–देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में है उपलब्ध, राज्यों से पाइपलाइन बिछाने की लंबित अनुमतियों को स्वीकृति देने का किया आग्रह।**
3. **झारखंड इको टूरिज्म अथॉरिटी के शासी निकाय की बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन हुए शामिल, इको टूरिज्म वाले स्थलों पर आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने का दिया निर्देश।**
4. **रांची में दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद का आज हुआ शुभारंभ, राज्य के सभी जिलों से चयनित एक सौ बीस युवा ले रहे हैं हिस्सा, दे”ा के विकास पर कर रहे हैं संवाद।**
5. **16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला और पुरुष चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम का हुआ चयन, खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर कल से राजधानी रांची में होगा शुरू।**

*****************

झारखंड विधानसभा ने आज झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक–2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन को बताया कि इस विधेयक के तहत राज्यपाल विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद पर बने रहेंगे, जबकि कुलपतियों की नियुक्ति राज्यपाल और मुख्यमंत्री की संयुक्त कमिटी द्वारा किए जाने का प्रावधान किया गया ळें

इससे पहले सत्र के सोलहवें कार्यदिवस की कार्यवाही आज शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुई। इसमें प्रश्नकाल के दौरान सहायक अभियंताओं के पदस्थापन, सेवा विनियमन और मानगो पेयजल परियोजना का मुद्दा उठा, वहीं जेटेट परीक्षा के आयोजन लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस हुई। वहीं, विधानसभा में असंसदीय भाषा के प्रयोग को लेकर भाजपा की महिला विधायकों ने आपत्ति दर्ज कराई। कल सत्र का अंतिम दिन है।

*****************

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत जी–राम जी करने के फैसले का बचाव किया है। राज्यसभा में आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री चौहान ने कहा कि एन.डी.ए. सरकार ने इस योजना को यू.पी.ए. सरकार की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से लागू किया है।

*****************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पाइप–लाइन वाली प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र ने सभी राज्यों से पाइपलाइन बिछाने के लिए लंबित अनुमतियों को स्वीकृति देने का आग्रह किया है।

*****************

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विभिन्न राज्यों के राज्यसभा चुनाव में एनडीए को मिली सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बताता है कि मतदाता अब बंधन में रहकर मतदान नहीं करता है। इसी का परिणाम राज्य सभा चुनाव में देखने को मिला है।

*****************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों के लिए 22 मार्च से दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। चाईबासा में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में

ओड़िशा के भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि इस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड इको टूरिज्म अथॉरिटी के शासी निकाय की चौथी बैठक आय़ोजित हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वन, पर्यटन औऱ जल संसाधन विकास विभाग को समन्वय बनाकर वन क्षेत्रों, नदियों, जलाशयों और पहाड़ी इलाकों में इको टूरिज्म की संभावना वाले स्थलों का चयन कर वहां आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

p*****************

राजधानी रांची में दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज रांची विश्वविद्यालय में शुरु हुआ। कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित 120 युवा हिस्सा ले रहे हैं। इस मौके पर रांची की महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है औऱ इसमें देश के युवा अहम योगदान निभा रहे हैं।

*****************

राज्य के चास, मानगो, सिमडेगा और लोहरदगा समेत कई नगर निकायों के लिए नव निर्वाचित महापौर, अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया आज पूरी कर ली गई। इस दौरान नगर निगमों में उप महापौर और नगर परिषद तथा नगर पंचायतों के उपाध्यक्ष का भी निर्वाचन संपन्न हुआ। दीपक कुमार अग्रवाल सिमडेगा, अब्दुल कादिर लोहरदगा औऱ अनिता प्रसाद गढ़वा नगर परिषद की उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद नगर निगम में महापौर और चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष तथा सभी पार्षदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल आय़ोजित होगा। इस मौके पर उप महापौर और उपाध्यक्ष का भी निर्वाचन होगा।

*****************

राजधानी रांची के जैप वन मैदान में 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आज शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने कहा कि इस आय़ोजन का मकसद पुलिस बल में खेल भावना, टीम वर्क, अनुशासन और शारीरिक–मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

*****************

झारखंड राज्य सब जूनियर बालक और बालिका टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर कल से राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। इस शिविर में बालक टीम के लिए चयनित बत्तीस और बालिका टीम की तीस खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले अठारह–अठारह खिलाड़ी एक अप्रैल से आय़ोजित होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला और पुरुष चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

****************